हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

11 एसडीईएम ने ड्रेनों, बरसाती नालों का किया निरीक्षण



12 विधायक ने सीवर लाइन की सफाई का किया निरीक्षण



**खबर संक्षेप**

### अंजू निर्विरोध नपा बेरी उपप्रधान निर्वाचित



**बेरी।** स्थानीय नगरपालिका कार्यालय परिसर में सोमवार को उपप्रधान पद के लिए चुनाव को लेकर पार्षदों की विशेष बैठक बुलाई गई। एसडीईएम रेणुका नांदल ने बताया कि बैठक में सभी 14 पार्षदों ने भाग लिया। इस दौरान उपप्रधान पद के चुंनाव के लिए नांमाकन प्रक्रिया की गई। जिसमें केवल वार्ड 14 से पार्षद अंजू ने नामांकन दाखिल किया। निर्धारित समयावधि के दौरान कोई अन्य नामांकन दाखिल ना होने के कारण पार्षद अंजू को उपप्रधान पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि बताया कि बेरी नगरपालिका में प्रधान और पार्षद पद के लिए चुनाव पहले ही कराया जा चुका है।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, केस दर्ज



**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने अवैध हथियार सहित एक नाबालिग लड़के को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई और उसे आसौदा थाना क्षेत्र से काबू किया गया। तलाशी के दौरान उससे एक अवैध हथियार व कारतूस बरामद हुआ। उसके खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है।

### दो लोगों ने फंदा लगाया जांच में जुटी पुलिस

**बहादुरगढ़।** इलाके के दो गांवों में फांसी लगाने से मौत के मामले सामने आए हैं। गांव खेड़ी जसोर और सांखोल में ये घटना हुई हैं। पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है।पहली घटना गांव खेड़ी जसोर की है। यहां रविवार की रात को करीब 40 वर्षीय कृष्ण फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने देखा तो संभाला और अस्पताल ले गए। जहां मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर आसौदा पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम बुलाई, वहीं चिकित्सकों के बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने का निर्णय लिया। कृष्ण किन परिस्थितियों में फंदे पर लटका, ये अभी तफ्तीश का विषय है। उधर, दूसरी तरफ गांव सांखोल के लक्ष्मी नगर में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान बिहार मूल के व्यास कुमार के रूप में हुई है।। सेक्टर छह रहना पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है।

**कजाकिस्तान के आस्ताना में देश का नाम किया रोशन, वर्ल्ड रैंकिंग में प्रथम**

## वर्ल्ड कप की मुक्केबाजी में हितेश ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

कजाकिस्तान के आस्ताना में 30 जून से 6 जुलाई तक हुए वर्ल्ड कप में जिले के मुक्केबाज हितेश गुलिया ने सिल्वर मेडल जीतकर विश्व रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि इस जीत से जिले का नाम अंतर राष्ट्रीय स्तर पर चमक उठा है। हितेश गुलिया ने अपनी इस सफलता का श्रेय कोच हितेश देशवाल को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रशिक्षण शैली, अनुशासन और उचित मार्गदर्शन के बाद ही वह यह मुकाम हासिल कर पाया है। इससे पहले भी हितेश गुलिया वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीत चुका हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने माता-पिता के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उसके पिता सत्यवान ने उन्हें लगातार प्रोत्साहित किया। इस उपलब्धि पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन ओमवीर हुड्डा, हरियाणा मुक्केबाजी संघ के महासचिव रवींद्र पन्नू सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**झज्जर।** मुकाबले के दौरान अपने प्रतिद्वंदी से मुकाबला करते हितेश गुलिया।

**किर्गिस्तान में चल रही एशियन चैंपियनशिप, खेलप्रेमियों ने जताई खुशी**

## मांडोठी की पहलवान दीक्षा ने किर्गिस्तान में जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विश्व स्तर पर मांडोठी के पहलवान धमाल मचा रहे हैं। इसी कड़ी में गांव की बेटी दीक्षा ने भी किर्गिस्तान में चल रही एशियन चैंपियनशिप में देश के लिए गोल्ड मेडल जीत लिया है। उसकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। दरअसल, किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक अंडर-15 व 20 एशियन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। गांव मांडोठी की बेटी दीक्षा ने भी इसमें जोर आजमाइश की। दीक्षा अंडर-15 आयुवर्ग के 39 किलोग्राम भारवर्ग में जबरस्त प्रदर्शन के बूते सभी पहलवानों को एक तरफा हराकर फाइनल में पहुंची। फाइनल में कजाकिस्तान की पहलवान को 11-0 से शिकस्त देकर देश के लिए गोल्ड जीत लिया। दीक्षा मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल की देखरेख में अभ्यास करती है। कोच धर्मेंद्र, परिजन व तमाम साथी पहलवान दीक्षा की जीत से गदगद हैं। अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि दीक्षा दलाल बेहद प्रतिभाशाली पहलवान है। लगातार मेडल जीत रही है। आने वाले लंबे समय तक वह देश के लिए मेडल जीतेगी। अखाड़े में लौटने पर उसका अभिनंदन किया जाएगा।



■ स्वागत की तैयारी में जुटे खेल प्रेमी

**बहादुरगढ़।** कोच धर्मेंद्र दलाल के साथ पदक विजेता दीक्षा दलाल।

### कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन में पोस्टिंग था गौरव, एक अन्य युवक भी घायल

## डीएमआरसी कर्मचारी पर सांड ने किया हमला, गर्दन में सींग घुसने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में बेसहारा गोवंश आम नागरिकों के लिए नुकसानदेह साबित हो रहे हैं। गोवंशों के कारण बहादुरगढ़ में कई लोगों की जान जा चुकी है। रविवार शाम को गांव सांखोल में एक और हादसा हो गया। यहां एक पागल सांड ने राहगीरों पर हमला कर दिया। हमले में डीएमआरसी में कार्यरत एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। मृतक की पहचान करीब 22 वर्षीय गौरव के रूप में हुई है। वह मूलतः भाली आनंदपुर का रहने वाला था। फिलहाल यहां गांव बराही में अपनी बुआ के पास रह रहा था। डीएमआरसी में टिकट काउंटर पर कार्यरत था और इन दिनों कीर्ति नगर स्टेशन पर उसकी पोस्टिंग थी। रविवार की शाम को छुट्टी के बाद मेट्रो स्टेशन से उतरकर वह सांखोल में बराही रोड की ओर जा रहा था। वहां से वह गांव के लिए ऑटो पकड़ता। इससे पहले ही जब वह गांव में श्मशान घाट के पास पहुंचा तो वहां पर एक पागल सांड उत्पात मचा रहा था। पैदल चल रहे गौरव को सांड ने पीछे से टक्कर मार दी। सांड का सींग उसकी गर्दन के पास घुस गया और मौके पर ही उसकी जान चली गई। अस्पताल में मौत की पुष्टि कर दी गई। वहीं सांखोल का ही नरेश भी सांड की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हुआ। उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। बाद में जैसे-तैसे सांड को घेरकर इंजेक्शन देने के बाद पकड़ा गया।

■ सांखोल में शमशान घाट के पास रविवार देर शाम पशु ने किया हमला

**शहर में कई मामले हो चुके :** बताते हैं कि इस दौरान सांड ने श्मशान में एक चिता को भी टक्कर मारी थी। सोमवार को सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गौरव के शव का पोस्टमार्टम करा दिया। गौरव दो भाइयों में बड़ा था। आगामी 16 अगस्त को उसका जन्मदिन था। जन्मदिन से करीब एक महीने पहले ही हादसे में उसकी जान चली गई। बहरहाल, बहादुरगढ़ क्षेत्र में गोवंश के हमले में मौत होने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले आधा दर्जन से अधिक मौतें यहां हो चुकी हैं। नगर परिषद द्वारा गोवंश को पकड़ने के लिए टेंडर छोड़े जाते हैं। लेकिन सड़कों पर गोवंश की मौजूदगी कम नहीं हो सकी है। कभी कभी ये गोवंश हमलावर होकर आम नागरिकों को नुकसान पहुंचा देते हैं।






■ गौरव दो भाइयों में बड़ा था। आगामी 16 अगस्त को उसका जन्मदिन था

## सोमानी कंपनी में करंट लगने से कर्मचारी की मौत

### परिजनों के बयान पर प्रबंधन के खिलाफ केस



**बाहदुरगढ़।** परिजनों के बयान दर्ज करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-16, 17 में स्थित एक कंपनी में करंट लगने से जूनियर मैनेजर की मौत हो गई। इस हादसे के लिए परिजनों ने कंपनी प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान जयवीर के रूप में हुई है। जयवीर झज्जर जिले के गांव गोच्छी से थे। फिलहाल परिवार सहित रोहतक रह रहे थे। यहां सोमानी कंपनी में जूनियर मैनेजर थे। रविवार की दोपहर को उन्हें करंट लगा। जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया तो मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जयवीर की मौत से उसके परिजन आहत हैं और इसके लिए कंपनी प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। राहुल ने कहा है कि उन्हें रविवार की दोपहर को सूचना मिली कि कंपनी में पिताजी को करंट लगा है। हमने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि कंपनी प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। मामले में कार्रवाई की जाए। बताया जा रहा है कि कूलर की तार लगाते या ठीक करते वक्त हादसा हुआ है। असल वजह का जांच का विषय है। सेक्टर-16 चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह ने कहा कि फिलहाल धारा 106(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है। जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई होगी।

## माछरौली डाइट में पदोन्नत 31 प्राचार्यों का प्रशिक्षण शिविर शुरू



**झज्जर।** सोमवार से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान माछरौली में नवपदोन्नत स्कूल प्राचार्यों के लिए प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे इस प्रशिक्षण में रुचि व उत्साह के साथ भाग लें ताकि 12 दिनों के बाद वे अपने स्कूलों का प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने में सक्षम हों और उनमें सकारात्मक बदलाव महसूस करें। उन्होंने प्राचार्यों के दैनिक कार्यों से संबंधित व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए, जो उनके कार्यक्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होंगे। सुनील कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण 12 दिनों तक चलेगा और इसका उद्देश्य प्राचार्यों का व्यावसायिक विकास करना है।

## निशु ने एथलेटिक्स में किया स्टेट के लिए क्वालिफाई



**झज्जर।** रिलायंस मॉडल इकोनामिक टाउनशिप कंपनी द्वारा चलाए जा रहे मिशन उदय के अंतर्गत निमाणा गांव निवासी खिलाड़ी निशु ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर स्टेट लेवल के लिए क्वालिफाई किया है। कोच आशीष ने बताया कि निशु सेक्टर 5 दादरी तोए स्थित रिलायंस खेल मैदान पर नियमित अभ्यास करती है। मिशन उदय के अंतर्गत युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए शारीरिक दक्षता हासिल करने के लिए व प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए स्थापित कैप्टन जिले सिंह अकेडमी में अभ्यास कराया जाता है। निमाना की बेटी निशु की इस उपलब्धि पर रिलायंस मॉडल इकोनामिक टाउनशिप कंपनी के सीईओ श्रीवल्लभ गोयल ने उन्हें बधाई दी।

## नेहरू महाविद्यालय में अब तक 287 ने लिया दाखिला

■ 64 छात्र व 123 छात्राओं ने ऑनलाइन फीस भरी ■ 140 ने दस्तावेज जमा करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं की दो मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि ऑनलाइन फीस भरने के बाद विद्यार्थियों को अपने दस्तावेज जमा करवाने और प्रवेश प्रकिया पूरी करने के लिए कॉलेज में उपस्थित होना अनिवार्य है लेकिन अभी तक आधे विद्यार्थियों ने अपने दस्तावेज जमा नहीं करवाए हैं।

उन्होंने बताया कि नेहरू कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद अब तक 287 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फीस जमा करवाई है। इनमें 164 छात्र और 123 छात्राएं हैं लेकिन इनमें से अब तक केवल 140 विद्यार्थियों ने ही अपने दस्तावेज जमा करवाए हैं। उन्होंने बताया कि अलग-अलग कक्षाओं की बात करें तो अब तक केवल बीए के 81, बीएससी फिजिकल साइंस के सात, बीएससी लाइफ साइंस के तीन, बीएससी गणित के पांच, बीकॉम के आठ, बीसीए के 23 तथा बीबीए के 13 विद्यार्थियों ने ही कॉलेज में रिपोर्ट किया है।डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि दाखिला शुरू में अस्थाई होता है और कॉलेज में सभी दस्तावेजों की जांच की जाती है। कोई कमी मिलने पर कॉलेज दाखिले को रद्द कर सकता है। इसके अलावा यदि कोई विद्यार्थी अपने दस्तावेज जमा नहीं करवाता है तो यूनिवर्सिटी में उसका रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाएगा। उन्होंने स्नातक कक्षाओं के पहले सेमेस्टर में विद्यार्थियों को आठ विषय पढ़ने होंगे। इनमें से तीन मेजर विषय ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी को आवंटित हो जाते हैं।



**झज्जर।** महाविद्यालय में दस्तवेजों की जांच करवाते विद्यार्थी।

### कल से फिजिकल काउंसलिंग

बहादुरगढ़। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जारी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 9 जुलाई से फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने महाविद्यालय स्टाफ को निर्देशित किया शेड्यूल अनुसार इन कार्यवाहियों को समयबद्ध तरीके से संपन्न करें। सभी अभ्यर्थियों से विभाग की हिदायतों का अनुपालन करने का आग्रह किया। कॉलेज की प्रवक्ता सहायक प्रोफेसर मोनिका ने बताया कि पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट में नाम आने के बावजूद शुल्क जमा नहीं करवाने वाले विद्यार्थी 9 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर एडमिशन सुनिश्चित कर सकेंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में भाग लेने के लिए ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर लॉग इन करके "फिजिकल काउंसलिंग" का विकल्प सलेक्ट करना होगा। उनके अनुसार 10 जुलाई से नए सिरे से आवेदन जमा करने की प्रक्रिया पोर्टल पर शुरू हो जाएगी। वहां पंजीकृत अभ्यर्थी के लिए सुबह से 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कॉलेज आना अनिवार्य होगा। वे अपने साथ ऑनलाइन आवेदन फार्म और सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर आएं। कॉलेज के सूचना-पट्ट पर प्रतिदिन 2 बजे मेरिट लिस्ट प्रदर्शित की जाएगी। चयनित छात्र को मेरिट सूची में नाम आते ही उसी दिन रात 11 बजकर 59 मिनट तक फीस जमा करनी होगी। यदि कोई छात्र दिन में फीस नहीं जमा कर पाता है, तो उसे अगले दिन फिर से कॉलेज आकर वही प्रक्रिया दोहरानी होगी।

## विकास कार्यों को लेकर चेयरपर्सन और ईओ ने की डीएमसी से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी और कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल ने सोमवार को डीएमसी जगनिवास से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और मौजूदा समस्याओं से भी अवगत कराया।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि डीएमसी से मुलाकात के दौरान दिव्य नगर योजना के माध्यम से होने वाले प्रस्तावित विकास कार्यों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनों से दिव्य नगर योजना की फाइल डीएमसी कार्यालय में अटकी हुई है, जिसके कारण प्रस्तावित विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरोज राठी ने डीएमसी से परिवार पहचान पत्र व प्रॉपर्टी आईडी की समस्या का समाधान करने की मांग की। उन्होंने डीएमसी को बताया कि अनेक प्रॉपर्टी आईडी में कई तरह की खामियां हैं, उन्हें दुरुस्त किया जाए। परिवार पहचान पत्र में गलत तरीके से वाहन चढ़ने या फिर परिवार की आय बढ़ाने के कारण बुजुर्गों की पेंशन कट गई है।

चेयरपर्सन ने डीएमसी को शहर में सीवरेज ओवरफ्लो रहने तथा कई स्थानों पर बरसाती पानी की निकासी में आ रही समस्या से भी अवगत कराया। डीएमसी जगनिवास ने सभी समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। चेयरपर्सन ने कहा कि जिन परिवारों की प्रॉपर्टी आईडी व परिवार पहचान पत्र में कोई भी त्रुटि है, तो वे उसे ठीक करवाने के लिए सीएससी सेंटर में जाकर ऑब्जेक्शन लगवाएं। इस दौरान रमेश राठी भी मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** डीएमसी जगनिवास से चर्चा करती चेयरपर्सन व ईओ।



# जीवन को दिशा देती है बुजुर्गों की सलाह

जीवन में जब भी आप उलझनों में फंस जाएं, समस्याओं से घिर जाएं और समझ में ना आए कि क्या करें, तो ऐसे समय में अपने बड़े-बुजुर्गों के पास जाएं, उन्हें अपनी समस्याएं बताएं, वे बहुत अपनेपन से आपकी बात सुनेंगे, समस्याओं से निकलने का रास्ता बताएंगे। उनके जीवन अनुभव आपके लिए बहुत अनमोल साबित होंगे।

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

बड़ों का आशीर्वाद ही नहीं, उनकी सलाहें भी अनमोल होती हैं। छोटी हो या बड़ी, हर उलझन-समस्या में उनका मार्गदर्शन मददगार बनता है। सहज रूप से नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाता है। उनके अनुभव प्रैक्टिकली जिंदगी से मिलवाते हैं। आम-सी सलाह भी जीवन के लिए बहुत मूल्यवान होती है। बरसों जिंदगी से जूझकर जुटाए गए अनुभव और सुख-दुःख को जीते हुए सीखे अनगिनत सबक, नई जेनरेशन की जिंदगी को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## अनुभव से सबक

बुजुर्गों ने अपनी जिंदगी में हर तरह के हालात से जुड़े अनुभवों को जीया होता है। सरवाइवल के सूत्रों को खुद समझा होता है। सहज हो या चुनौतीपूर्ण, परिस्थितियां बहुत से सबक सिखाकर जाती हैं। ऐसे में संचित समझ और ज्ञान की पूंजी से भरी उनकी झोली नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकती है। जीवन के हर पहलू पर उनसे मिली सलाह सही दिशा दिखा सकती है। रिश्तों और करियर से लेकर व्यक्तित्व विकास, सही फैसले लेने और खुद को थामने के मोर्चे पर बड़ों का दृष्टिकोण अहम होता है। जो हर जटिल परिस्थिति में जादू-सा बन मन को दिशा दे जाता है। ऐसे अनमोल सबक किताबों में नहीं मिलते। ना ही हर ओर छाई रील्स और वीडियोज जिंदगी के संघर्षों को जीकर जुटाए गए इस तजुर्बे की बराबरी कर सकते हैं।

## सहजता का भाव

'लेट गो, छोड़ो, जाने दो या भूल जाओ' यह सलाह बड़ों की बातों में अवश्य शामिल होती है। असल में जीवन भर की उलझनों में अपनी ऊर्जा और समय लगा चुके बुजुर्ग इस सच को समझ चुके होते हैं कि अपने आप के प्रति भी सहजता का भाव जरूरी है। मन दुखाने वाली बातों को पकड़कर बैठ जाना असल में खुद को ही दुख देता है। ऐसी चीजों को जाने देना ही सही है। इसीलिए बड़े हमेशा समझाते हैं कि तकलीफदेह बातों को मत पकड़ो। मन में पलता द्वेष या शिकायतें, आज ही नहीं आने वाले कल में भी खुद को ही चोट पहुंचाते हैं। समय और स्थिति बदल जाती है पर मन के कोने में दबा दुख, आक्रोश या दुर्भाव सदा के लिए ठिकाना बना लेता है। हमारे बड़े-बुजुर्ग उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचने के बाद याद करते हुए कहते ही हैं कि 'मुझे यह नहीं करना था' या 'किसी अपने से दूर नहीं होना था' पीछे छोड़े जीवन में जो बातें, निर्णय या शब्द उनके लिए आज अपराधबोध का कारण बन रही हों, वे उनसे बचने की समझ का पाठ जरूर पढ़ाते हैं। इसी के चलते हर हाल में सहज रहने की सलाह देना वे कभी नहीं भूलते।



### खुलकर जीने की सलाह

जिंदगी की आपा-धापी में जीना ही भूल जाने की गलती करने वाले युवाओं को बुजुर्ग खुलकर जीने की सलाह भी देते हैं। अच्छा-बुरा वक्त जीवन भर दस्तक देता रहता है। लोग मिलते-बिछुड़ते हैं। जिम्मेदारियां भी निभानी ही होती हैं। ऐसे में सारा वक्त फिक्र करने में नहीं लगाया जा सकता है। डरकर जिंदगी को नहीं जिया जा सकता। हमारे बड़ों ने बहुत से हालातों से गुजरने के बाद यही समझा होता है कि बात-बात में भयभीत होने का कोई अर्थ नहीं। जीवन की अपनी गति है। उसके साथ सहजता से चलते रहना ही सही तरीका है। यही कारण है कि हमारे बुजुर्ग सामाजिक-पारिवारिक माहौल से जुड़ने की सलाह भी देते हैं। भारतीय समाज में तो घर बसाने के मामले में बुजुर्गों की सलाह आज भी सबसे अहम मानी जाती है। बड़े भी अपने अनुभवों से सावधानी के साथ अपना जीवन साथी चुनने की ना केवल सलाह देते हैं बल्कि चुनाव में मदद भी करते हैं। जिसके साथ जीवन बिताना हो, उसके बारे में व्यावहारिक धरातल पर सब कुछ जानने-समझने की समझाइश देते हैं। सोशल-फैमिली फ्रंट पर आज के बदलते दौर में बड़ों की एडवाइस बहुत कारगर साबित होती है।



## स्वास्थ्य सहेजने का सुझाव

अपने शरीर की देखभाल करने का सुझाव बड़े-बुजुर्ग बहुत गंभीरता से देते हैं। सेहत सहेजने के लिए समय रहते सजग होने का पाठ पढ़ाते हैं। अपने स्वास्थ्य की संभाल को लेकर की गई अनदेखी या किसी गलती का उदाहरण भी देते रहते हैं। वे नहीं चाहते कि नई पीढ़ी बीमारी के बारे में देर से जानने या सही समय पर अवेयर न होने की गलती करे। इसीलिए एक्टिव रहने, बुरी आदतों से बचने और नियमित जांच करवाने की सलाह बड़े-बुजुर्ग देते हैं। छोटी सी गलती का खामियाजा कितना बड़ा हो सकता है, वे देख चुके होते हैं। इसीलिए नई पीढ़ी को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी परंपरागत चीजों की जानकारी भी देते रहते हैं। हम यह बात जोर देकर कहेंगे कि समय निकालकर अपने बुजुर्गों के पास बैठें। उनकी बातें सुनना जीवन के एक भरे-पूरे खजाने को खंगालने जैसा है। इसी खजाने से आपको जीवन जीने का सलीका सिखाने वाली सलाहों के अनमोल मोती मिलेंगे।

---

हर इंसान अपने करियर में कामयाब होना चाहता है। वह इसके लिए प्रयास भी करता है, लेकिन बाधाएं भी आती हैं। इन बाधाओं से कभी हताश-निराश ना हों। हम आपको बता रहे हैं, बाधा को दूर करने के लिए आप कौन से कारगर उपाय अपनाएं।

# ऐसे दूर करें बाधाएं सफलताएं चूमेंगी कदम

सक्सेस फंडा
**शिखर चंद जैन**



कई बार आप जब कुछ करने वाली होती हैं तो आपका मन विचलित हो जाता है, काम से ध्यान हट जाता है, काम आगे नहीं बढ़ पाता। आपकी मानसिक स्थिति आपको आगे नहीं बढ़ने देती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो ध्यान दीजिए और कुछ सामान्य उपाय अपनाइए ताकि बाधाएं दूर हों। आपका काम सुचारु रूप से आगे बढ़े। आप सफलता अर्जित करें।

**जब काम में ना लगे मन:** कई बार जब हम कोई काम शुरू करते हैं तो हमारा मन नहीं लगता, ऊब-सी होती है या मन इधर-उधर भटकता है। ऐसी स्थिति में आप सबसे पहले वह काम शुरू करें, जिसमें आपकी रुचि ज्यादा हो। इस काम को पूरा होने का दृढ़ संकल्प लें। इससे आपके मन में एक नई ऊर्जा जागृत होगी।

**आत्मानुशासन है जरूरी:** जीवन में बाधाएं आपको पग-पग पर मिलेंगी। आप उन पर नियंत्रण नहीं कर सकतीं, लेकिन अपनी प्रतिक्रिया और अपने मन पर अवश्य नियंत्रण रख सकती हैं। लाइफ में सेल्फ डिसीप्लीन भी जरूरी है। आपकी इच्छा शक्ति इतनी प्रबल होनी चाहिए कि अगर कुछ करने की योजना बना ली है तो उसे किसी भी कीमत पर टालना नहीं है।




**योजना और लक्ष्य के साथ बढ़ें:** बिना योजना बनाए और बिना किसी लक्ष्य के आगे बढ़ना ऐसा ही है, जैसे ट्रेन में बैठ गए लेकिन पता नहीं है कि पहुंचना कहां है? जाहिर है, आपको अपने टारगेट का पता नहीं होगा तो आपका ध्यान इधर-उधर भटकेगा ही। वहीं जब आप योजना और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगी तो आपको अपने एक-एक कदम की जानकारी रहेगी कि आप क्या कर रही हैं और आगे क्या करना है? ऐसे में आपका ध्यान पूरी तरह अपने काम पर केंद्रित रहेगा। अगर बाधाएं आती भी हैं तो आप उन्हें पार करती चली जाएंगी।

**लोगों से लें सलाह:** समस्याएं और बाधाओं के आने पर कभी घबराएं नहीं, संयत रहें। अपने आस-पास मौजूद अनुभवी लोगों, इष्ट मित्रों या परिजनों की सलाह और मदद लें। उन्हें अपनी स्थिति और समस्याओं के बारे में बताएं और उन्हें सुलझाने का उपाय पूछें। कई बार जब आप विभिन्न लोगों से राय लेती हैं तो उनकी राय भले पसंद ना आए, लेकिन उनके आधार पर आपके दिमाग में कोई नया आइडिया आ सकता है।

**नए तरीके आजमाएं:** कई बार जब हम लगातार अड़चनों से घिरने लगते हैं, अपने काम से संतुष्ट नहीं होते तो एंजायटी और सेल्फ डाउट हम पर हावी हो जाता है। ऐसी स्थिति में हम अंतर्मुखी होने लगते हैं। छोटी-छोटी बाधाएं भी हमें बड़ी लगने लगती हैं। नतीजतन हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से डरने लगते हैं। ऐसे में हमें जीने और काम करने के नए तरीके आजमाने चाहिए।

**व्यवधान वाले लोगों से दूरी:** हम सबके जीवन में कुछ लोग ऐसे आ जाते हैं, जो व्यवधान, कलह और अशांति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों को शीघ्र पहचान लें। अनसपोर्टिव और हमेशा डिस्टर्ब करने वाली रिलेशनशिप से जल्द से जल्द दूरी बना लें। यदि ऐसे लोग काफी नजदीकी रिश्तेदार हैं तो उनके साथ बहुत औपचारिक संबंध रखें।

**विश्वास रखें:** हम लक्ष्य तय करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो कई प्रकार के व्यवधान आते ही हैं। किसी कारणवश ठिठकना या रुकना पड़ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई कहते हैं, 'बाधाएं लक्ष्य प्राप्ति की प्रक्रिया का नैसर्गिक हिस्सा हैं। कई बार हमें अपने कामों के लिए दूसरों पर भी निर्भर होना पड़ता है। ऐसे में आपको उन पर भरोसा रखना होता है। साथ ही खुद पर भी भरोसा रखें।' अपनी बेहतरीन कोशिश करते समय याद रखें कि दुनिया आपके प्रदर्शन, कार्य-कौशल और जुनून को देख रही है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, आपकी कामयाबी की राहें खुलती जाएंगी।

---

पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म होने पर दोनों नन्हे बच्चों का लालन-पालन मां के लिए आसान नहीं होता है। पहला बच्चा दूसरे के जन्म के बाद अपने आपको इग्नोर ना समझे, दोनों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

# सेकेंड बेबी के आने पर बड़े को ना करें इग्नोर

परवरिश
**दीपिका शर्मा**

अकसर यह देखा जाता है, सेकेंड बेबी के आने पर पैरेंट्स अपने बड़े बच्चे की परवरिश में लापरवाही बरतने लगते हैं, वे पूरा ध्यान सेकेंड बेबी पर लगा लेते हैं। समय से पहले ही बड़े बच्चे को बड़ा होने का एहसास दिलाने लगते है, इस कारण बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है, इसलिए जरूरी है कि बच्चे की सही परवरिश पर ध्यान दें। अगर आप दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहे हैं तो भी या आप दो बच्चों के पैरेंट्स हैं तो भी ऐसी गलतियां करने से बचें ताकि पहले बच्चे के मन में अपने सिबलिंग के लिए ईर्ष्या की भावना ना पैदा हो, अपने माता-पिता के प्रति उसके मन में नकारात्मक भाव जन्म ना लें।



**बड़ा होने का ना दें दबाव:** अधिकतर पैरेंट्स में मां ही बच्चों के साथ अधिक समय बिताती है। ऐसे में पहले बच्चे को बात-बात पर यह दबाव ना डालें कि वह छोटे बेबी के आने से बड़ा हो गया है, क्योंकि इससे बच्चे अपने आने वाले छोटे भाई-बहन के सामने खुद को इग्नोर-इंसिक्योर समझने लगते हैं।

**डालें शेयरिंग-केयरिंग की आदत:** सेकेंड प्रेग्नेंसी की शुरुआत से ही बड़े बच्चे में धीरे-धीरे शेयरिंग और केयरिंग की आदत डेवलप करना शुरू कर दें, क्योंकि अगर दूसरे बच्चे के आने के बाद पहले बच्चे की चीजें आप साझा करेंगी तो बच्चे के मन में यह बात आएगी कि वह अपने मम्मी-पापा के लिए इंपॉर्टेंस नहीं रखता, नया बेबी अब ज्यादा प्यारा है, ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इससे बच्चे में हीन भावना उत्पन्न होने लगेगी।

**बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं:** माना कि घर में छोटा बच्चा है तो मां को बहुत से काम होते हैं, इस कारण वह बड़े बच्चे पर पूरा ध्यान नहीं दे पाती, लेकिन आपकी यह गलती बच्चे के मन में घर कर सकती है। उसके मन में हमेशा यही भाव रहता है कि मुझे कोई प्यार नहीं करता। वह घरवालों से कटने लगता है। उसे मूड स्विंग की भी परेशानी होने लगती है, इसलिए जरूरी है कि बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं, उसके साथ हंसी-मजाक करें, उसके साथ थोड़ा खेलें, उसे सोने के समय कोई छोटी-सी कहानी सुनाएं और जागते समय दुलार करें। उसे एहसास दिलाएं कि आप उसको भी बहुत प्यार करती हैं।



**छोटे की गलती पर बड़े को ना डांटें:** कई बार मांएं, छोटे बच्चे के साथ खेलने या उसका ध्यान रखने की जिम्मेदारी बड़े को दे देती हैं और अगर उससे कोई भूल हो जाती है तो उसे डांटने लगती हैं। ऐसा करने से बड़ा बच्चा भावनात्मक रूप से बिल्कुल अकेला महसूस करता है। इसलिए कोई गलती करने पर भी बड़े बच्चे को डांटने या झिड़कने के बजाय जहां तक हो सके उसे प्यार से ही समझाएं।

**बड़े बच्चे के जन्म के समय की यादें बताएं:** जिस तरह आप अपने छोटे बेबी की केयर से जुड़े ढेरों काम करती हैं, इसी तरह आप बड़े बच्चे के भी काम उसके जन्म के समय करती थीं, इन बातों को उसे बताएं। उसकी शैतानियां या कैसे वो खाता था, इस तरह की छोटी-छोटी बातें उसके साथ साझा करें। इससे वो समझ पाएगा कि उसके छोटे भाई या बहन के लिए भी मां की केयर बहुत जरूरी है।

**बड़े बच्चे को प्रोत्साहित करें:** बच्चा अगर आपसे अपनी कोई बात कहना चाहता है तो उसकी सुनें या उसने कोई अच्छा काम किया है तो तारीफ कर प्रोत्साहित करें।


---

# बारिश के दिनों में ऐसा हो मेकअप

मेकअप
**सरिता गुप्ता**

बारिश के दिनों में उमस और चिपचिपाहट के कारण मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप इन दिनों वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। ये मेकअप प्रोडक्ट्स आपके मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग रखते हैं। इसके साथ ही हम आपको यहां कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी खूबसूरत और फ्रेश नजर आएंगी।

**प्राइमर-फाउंडेशन:** इस मौसम में एक स्मूद मेकअप बेस बनाने और एक्सेस ऑयल को मैनेज करने में मदद करने के लिए मेकअप से पहले मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं। यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही वाटरप्रूफ फाउंडेशन का यूज करें, जो आपकी स्किन पर पसीना नहीं आने देगा। ऐसा करने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और आपको फ्रेश लुक मिलेगा।



**सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक:** बरसात के मौसम में आप सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं। इससे आपके होंठ रूखे नहीं लगेंगे। इसके अलावा आप अपनी पसंद के शेड में स्मज-प्रूफ और लंबे समय तक टिकने वाला लिप लाइनर चुनें। फिर होंठों पर टिंट या टिंटेड लिप बाम लगाएं ताकि होंठ मॉश्यचराइज रहे और लिप मेकअप पानी में बहे नहीं।

**आई मेकअप प्रोडक्ट्स:** इस मौसम में हमेशा आई मेकअप के लिए वाटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। सबसे पहले इसकी शुरुआत वाटरप्रूफ मस्कारा से करें, जिसे लगाने के बाद बारिश में भीगने पर भी आपकी आंखों की खूबसूरती बिल्कुल कम नहीं होगी। साथ ही आप काजल या आई लाइनर भी वाटरप्रूफ ही लगाएं।

**सेटिंग पावडर:** बारिश के मौसम में, मेकअप से पहले और बाद में चेहरा ऑयली नजर आने लगता है। लेकिन जब आप सेटिंग पावडर से उसे सेट कर देती हैं तो मेकअप एकदम मैट लुक देता है और फ्लॉलेस नजर आता है। यह मेकअप को इस मौसम में मेल्ट होने से बचाता है, इसलिए सेटिंग पावडर को अपनी मेकअप किट में जरूर शामिल करें।

**सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल:** मेकअप करने के सबसे बाद में मेकअप को लॉक करने के लिए सेटिंग स्प्रे अप्लाई करें। ये प्रोडक्ट ऐसा होना चाहिए, जो मैट-फिनिश लुक प्रदान करता हो और लंबे समय तक चलने वाला फार्मूला डिजाइन किया गया हो। इससे आपके मेकअप को नमी झेलने में मदद मिलेगी और आप लंबे समय तक फ्रेश नजर आएंगी।



**(मेकअप एक्सपर्ट रक्षा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

---

बारिश के मौसम में अनेक संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए अपनी डाइट को लेकर एलर्ट रहना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे फल, सब्जियों के बारे में, जिन्हें इस दौरान खाने से बचना चाहिए।

# रेनी सीजन में इन्हें ना करें अपनी डाइट में शामिल

डाइट
**राजकुमार 'दिनकर'**

बारिश के दिनों में ज्यादातर लोग खान-पान में लापरवाही बरतने के कारण ही बीमार पड़ते हैं। यही वजह है कि इन दिनों डॉक्टर भी खाने-पीने में परहेज बरतने की सलाह देते हैं। इन दिनों विटामिन और मिनरल से भरपूर सब्जियां भी खराब मौसम के कारण हमारे लिए नुकसानदेह साबित होने लगती हैं, क्योंकि कई ऐसी सब्जियां होती हैं, जिनमें बैक्टीरिया बहुत तेज गति से बढ़ने लगते हैं और अगर हम उनका सेवन कर लेते हैं, तो वे हमारे लिए पाचन और पेट संबंधी समस्याओं का कारण बन जाती हैं। विभिन्न हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हम आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में कौन से ऐसे फल और सब्जियां हैं, जो जल्दी खराब होती हैं इसलिए इन्हें खाने से परहेज करना चाहिए।





**हरी सब्जियां:** बारिश के दिनों में पालक, मेथी, विभिन्न तरह के साग, धनिया, पुदीना, सलाद पत्ता जैसी हरी सब्जियों में ज्यादा नमी होने से बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से कई सब्जियों में तो बारिश के दिनों में कीड़े भी पैदा हो जाते हैं। खेतों में पानी भरने के कारण इनमें गंदगी लग जाती है और इन्हें हम कितना भी साफ कर लें, इनमें बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं। इसलिए बारिश के दिनों में हरी सब्जियां खाने से खास परहेज बरतना चाहिए।

**अंकुरित अनाज:** जैसा हम जानते हैं, किसी भी तरह के अनाज को अंकुरित करने के लिए पहले उसे 8-10 घंटे भिगोया जाता है और फिर उसके बाद उसे अंकुरित करने के लिए रखा जाता है। इस सारी प्रक्रिया में लंबे समय तक पानी या नमी के संपर्क में रहने के कारण और वातावरण में नमी होने के कारण अंकुरित अनाज जल्दी सड़ने लगते हैं। इनमें फंगस लगने का खतरा बढ़ जाता है। इनको अगर कच्चा खाया जाता है तो इनसे इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए इस मौसम में अंकुरित अनाज थोड़ा पकाकर खाएं।

**मशरूम:** बारिश के मौसम में मशरूम खाने से परहेज करना चाहिए। मशरूम को नमी वाले वातावरण में उगाया जाता है। इसमें पहले ही बैक्टीरिया होते हैं। नमी के कारण यह जल्दी खराब होने लगते हैं। इन्हें खाने पर डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में लगातार दही और छाछ का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया जल्दी पनपते हैं। आयुर्वेद में तो दही को बरसात के मौसम में खाने की मनाही होती है। क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्या पैदा कर सकते हैं।

**सलाद:** सलाद में इस्तेमाल होने वाले खीरे, गाजर, मूली, चुकंदर जैसी कच्ची चीजों में कीड़े होने की आशंका रहती है। भले ही यह दिखने में खराब न लगें, लेकिन अंदर से खराब होने के कारण इन्हें खाने से इंफेक्शन का खतरा रहता है।

**सीफूड-मछली:** मानसून के दौरान मछली या प्रॉन खाने से बचना चाहिए, क्योंकि यह समय उनके प्रजनन का होता है और इससे फूड पॉइजनिंग होने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में नदियों और झीलों में पानी प्रदूषित होने से मछलियों के शरीर के ऊपर गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में इन मछलियों का सेवन करने से सेहत को भी नुकसान हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### दी माजदा कैंटर यूनियन ने लगाया भंडारा

**बहादुरगढ़।** सोमवार को दी माजदा कैंटर यूनियन द्वारा 12वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें विधायक राजेश जून ने भी शिरकत की। उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया और यूनियन को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शुद्ध देशी घी का विशाल भंडारा आयोजित करने पर बधाई दी। यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आज

**झज्जर।** गांव जहांगीरपुर में स्वामी नित्यानंद मिशन फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण सरंक्षण अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तपोभूमि जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य वन सरंक्षण प्रधान घनश्याम शुक्ला मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वायु प्रदूषण को कम करते हैं।


**बेरी।** समाधान शिविर में जनसमस्या सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल

### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**बेरी ।** सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, वृद्धावस्था पेंशन बनवाने,राजस्व विभाग से जुड़े इंतकाल व जमाबंदी ,अतिक्रमण हटवाने, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों का तत्परता के साथ समाधान ही प्राथमिकता है।

# प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए करना होगा पौधरोपण : महंत

## राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम को वन महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान तपोभूमि जटेला धाम माजरा के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास ने संस्थान स्टॉफ सदस्यों के साथ मिलकर महाविद्यालय परिसर में सहजल, मौलशरी, कदम, इस्टोनिया, जामुन, अमरूद, आंवला आदि के औषधीय पौधे लगाए।

महंत राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमारे जीवन का आधार है। इनके बगैर एक पल भी जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपनी भौतिक सुख-सुविधाओं के कारण पेड़-पौधो की अंधाधुंध कटाई करने और लगातार भू-जल का दोहन करने के कारण पर्यावरण दूषित हो चुका है। इस कारण दुनिया में आए दिन भूस्खलन, सूखा, बाढ़, ज्वालामुखी व भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निरंतर सामना करना पड़ता है। हमें इन भयानक प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए धरा पर अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की अति आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अबकी बार मानसून सत्र में हरियाणा प्रदेश के हर जिले में पहुंचकर उन्होंने बियासी हजार एक-सौ पच्चीस पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे रोपित किए गए पौधों की देखभाल का जिम्मेवारी लें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल कैडेट कौर, इको फ्रेंडली कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बरसात के मौसम में संस्थान परिसर तथा गांव की शामलात भूमि पर हजारों की संख्या में पौधारोपण किया जाता है।


**झज्जर।** संस्थान स्टॉफ सदस्यों के साथ महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए महंत राजेंद्र दास। फोटो : हरिभूमि



# गांव छारा कॉलेज में मनाया वन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल की देखरेख में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। नेचर इंटरप्रिटेशन सेल, इको क्लब व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पौधे लगाते हुए अन्य लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं नेचर इंटरप्रिटेशन सेल के इंचार्ज डॉ. अश्वनी कुमार ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के महत्व तथा वृक्षारोपण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया।

डॉ. अनीता दलाल ने कहा कि हमें पर्यावरण की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करने चाहिए। साथ ही उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। क्योंकि कई बार देखरेख के अभाव में पौधे सूख जाते है। इसलिए हमें पौधे रोपित करने के बाद उनके रखरखाव की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर डॉ संजय देसवाल, देवेंद्र, मंजू मलिक, ज्योति, मोनिका, डॉ जयंत, डॉ ललिता, लोकेश, प्रवीन सुहाग, विजय आदि उपस्थित रहे।

# पीएनडीटी एक्ट को लेकर डॉक्टरों को किया अपडेट

■ डिप्टी सीएमओ डॉ उरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** पीएनडीटी एक्ट की मीटिंग में शामिल रहे चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

चिकित्सा विभाग द्वारा सोमवार को पीएनडीटी एक्ट को लेकर नीमा से जुड़े चिकित्सकों की बैठक ली गई। डिप्टी सीएमओ डॉ उरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि पीएनडीटी एक्ट के तहत कोई भी लिंग जांच करवाना गैर कानूनी है। लिंग जांच की सूचना देने वाले को सवा लाख रुपए रुपए इनाम के तौर पर मिलेंगे और उसकी पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। मीटिंग के दौरान हरियाणा में घटते लिंगानुपात, भ्रूण हत्या, एमटीपी किट, अवैध गर्भपात और अल्ट्रासाउंड के नए नियमों को लेकर विशेष चर्चा हुई।

पीएनडीटी एक्ट के तहत कोई भी चिकित्सक लिग जांच नहीं कर सकता। सरकार की हिदायतों के अनुसार प्रसव पूर्व लिग जांच करवाना कानूनी अपराध है। शहर के रॉयल चॉइस होटल में हुई बैठक में पीएनडीटी के नोडल ऑफिसर डॉ संदीप कुमार, पीएनडीटी सेल के विनोद कुमार व एडवोकेट संजय शर्मा भी शामिल थे। बैठक में नीमा के प्रेसिडेंट डॉ दीपक भारद्वाज व सचिव डॉ अजय जैन के साथ डॉ सोहनलाल अरोड़ा, डॉ कांता जाखड़, डॉ शारदा अरोड़ा, डॉ सुनीता कश्यप, डॉ वैयजंती, डॉ पूनम टंडन, डॉ नेहा धमीजा, डॉ प्रियंका, डॉ दीपिका, डॉ प्रेमलता, डॉ रवि आदि मौजूद रहे।

### रिटायर्ड कर्मचारी 15 को करेंगे प्रदर्शन

**झज्जर।** रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवां वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलने के विरोध में आगामी पंद्रह जुलाई को रिटायर्ड कर्मचारी संघ के कर्मचारी प्रातः दस बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक डीसी कार्यालय पर धरना देंगे। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा दिसंबर 2025 तक रिटायर्ड होने वाले सभी सरकारी विभागों के कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं दिया जाने का फैसला लिया गया है। इसी फैसले का विरोध करते हुए कर्मचारी यह धरना प्रदर्शन करेंगे। यदि सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो 17 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया है कि 9 जुलाई की सर्व कर्मचारी संघ व सभी यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल में रिटायर्ड कर्मचारी पूरी ताकत के साथ खड़े रहेगे।

# नाटक के माध्यम से लड़कियों को सपने पूरा करने की प्रेरणा दी

■ गांव माछरौली व अमादलपुर में किशोर-किशोरी मेले का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा जिले के गांव माछरौली व अमादलपुर में किशोर-किशोरी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था सदस्यों ने बदलाव की ओर बढ़ते कदम नाटक के माध्यम से जहां लड़कियों को अपने सपने पूरा करने की प्रेरणा दी वहीं अभिभावकों को भी संदेश दिया कि वे अपनी बेटियों के सपने पूरा करने में मदद करें। अमादलपुर में अध्यापिका ने कहा कि आज के समय में बहुत कम लड़कियां ऐसी हैं जिनको अपना सपना देखने की इजाजत है। समाज उनके ऊपर अपेक्षाओं के आधार पर सपने थोप देता है, जोकि गलत है। ब्रेकथ्रू संस्था हमें अलग-अलग माध्यम से हमें जागरूक करती हैं। कार्यक्रम में स्कूल अध्यापक, किशोर-किशोरी, पंचायत मेंबर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर के अलावा संस्था सदस्य अनुराधा और पूनम भी शामिल रहे।


**झज्जर।** गांव में नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए संस्था सदस्य।


बहादुरगढ़। कामधेनु हॉस्पिटल में हुए कार्यक्रम में भाग लेते गौभक्त। फोटो : हरिभूमि

### कामधेनु हॉस्पिटल में कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** गांव लोवा कलां के निकट स्थित कामधेनु हॉस्पिटल में गोवंश वृद्धि उत्सव एवं बछिया छठी समारोह/" भव्य, भावपूर्ण व प्रेरणादायक रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कामधेनु ट्रस्ट के प्रधान ईश्वरचंद, महामंत्री रमेश गर्ग, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, सुनील मित्तल, मंत्री विनोद गोयल, प्रेमचंद बंसल, सुपरवाइजर सीएल गुप्ता, कार्यकारणी सदस्य भीम सिंह प्रणामी, रामफल सिंगला, भाविप के विवेकानंद शाखा अध्यक्ष मुरारी लाल गोयल, सचिव नीरज गर्ग, सदस्य महेंद्र अग्रवाल व प्रवीन सिंगला आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि गौसेवा ही राष्ट्रसेवा है।

# संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडियन नेशनल लोकदल जिला झज्जर कार्यकारिणी की बैठक पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य रूप से इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी मौजूद रही, जबकि बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने की। मंच संचालन जिला शहरी अध्यक्ष रामनिवास सैनी ने किया। बैठक में संगठन मजबूती को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा किए। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि इनेलो चौधरी देवीलाल का लगाया हुआ पौधा है। जिसे पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला व इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने अपने लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सींचकर वट वृक्ष बनाया। उनके नेतृत्व में इनेलो पार्टी का संगठन दिनों दिन मजबूत हो रहा है। जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने कहा कि पार्टी संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ता पहले की तरह ही अपना दायित्व पूरी गंभीरता से निभाएं, ताकि पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। इस दौरान जयभगवान डीघल, धर्मबीर दरोगा, पवन धनखड़, महेंद्र सैन ढाकला सहित अन्य भी मौजूद रहे।


**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान मंचासीन शीला नफे सिंह राठी, जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बिजलीकर्मी भी हड़ताल में शामिल होंगे

**बहादुरगढ़।** देश की सभी ट्रेड यूनियनों, केंद्र सरकार कर्मचारी परिसंघ, एआईएसजीईएफ और राज्य कर्मचारी संघों के आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली हड़ताल में ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन भी भाग लेगी। यूनिट प्रधान उमेश ने बताया कि विभिन्न कर्मचारी हितों की मांगों को लेकर देश का हर कर्मचारी हड़ताल में भाग लेगा। हरियाणा बिजली बोर्ड भी इस संघर्ष में अन्य विभागों के कर्मचारियों के साथ कंधा मिलकर खड़ा होगा। हड़ताल के साथ ही कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगा।

### भवन निर्माण कारीगर भी करेंगे हड़ताल

**बहादुरगढ़।** भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के जिला सचिव आजाद सिंह कहा कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के सांझा आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए उनकी यूनियन भी पूरी ताकत से शामिल होगी। उनके अनुसार भाजपा सरकार लगातार पूंजीपति परस्त नीतियों को लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को राष्ट्रीय हड़ताल वाले दिन यूनियन से जुड़े कारीगर, मजदूर-मिस्त्री आदि अपना काम बंद रखेंगे और जिला स्तर पर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जानकारी देते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो : हरिभूमि

# साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** यातायात पुलिस की ओर से शहर के एक स्कूल में कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। नशे के दुष्प्रभाव बताने के साथ ही साइबर क्राइम के प्रति भी सचेत किया गया। एसआई सत्यप्रकाश ने कहा कि नशा समाज का दुश्मन है। हमें इस बुराई से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल साइबर क्राइम की वारदात बढ़ रही हैं। इसलिए मोबाइल, इंटरनेट इस्तेमाल करते वक्त सतर्क रहें। लालच, प्रलोभन से बचें और किसी को भी अपने अकाउंट से संबंधित जानकारी न दें।

### हड़ताल में मिड-डे मील वर्कर्स भी होंगी शामिल

**बहादुरगढ़।** एआईयूटीयूसी से संबद्ध मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन के प्रदेश प्रधान राजबाला ने बताया कि 9 जुलाई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर होने वाली हड़ताल में हरियाणा की मिड-डे मील कुक भी शामिल होंगी। उनके अनुसार हरियाणा सरकार मिड-डे मील कार्यकर्ताओं को ना तो अपना श्रमिक मानती है और ना ही उन्हें न्यूनतम वेतन देती है। पिछले 2 साल की ड्रेस के पैसे भी अभी तक नहीं मिले हैं।

हमें 7 हजार मासिक मानदेय भी कई बार समय पर नहीं मिलता। महासचिव कुसुम पांचाल को षड्यंत्र करके नौकरी से निकाल दिया गया। उन्होंने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की मांगों को जायज ठहराते हुए समर्थन किया। साथ ही कहा कि मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन इस हड़ताल में पूरी ताकत के साथ शामिल होगी।


**बहादुरगढ़।** पूर्वांचल परिवार के नवमनोनीत पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# पूर्वांचल परिवार का हुआ पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राष्ट्रीय पूर्वांचल परिवार की कार्यकारिणी की बैठक ललन चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यकारणी के विस्तार और बदलाव पर चर्चा हुई।

सर्वसम्मति से प्रदीप सिन्हा को राष्ट्रीय संयोजक, अमरनाथ कुशवाहा को प्रदेश अध्यक्ष, कृष्णकांत सिंह को प्रदेश महामंत्री, ललन चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजय शर्मा को कोषाध्यक्ष और शंभू को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर रंजीत शर्मा, राम उजागर, नंद, प्रमोद, राम वचन मौर्या, राकेश सिन्हा व बृजकिशोर आदि मौजूद रहे।

### विडंबना: लोगों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं

# एक श्मशान घाट ऐसा भी जहां शव के अंतिम संस्कार से पहले करनी पड़ती है साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के कोसली रोड स्थित एक श्मशान घाट ऐसा है भी है जिसमें किसी व्यक्ति की मौत के बाद संबंधित परिजनों को दाह संस्कार के लिए पहले वहां पहुंच कर साफ-सफाई करनी पड़ती है। इस श्मशान घाट में न तो कोई चार दीवारी है और न ही दरवाजा। यहां तक कि उसमें शव के अंतिम संस्कार के लिए बने अग्निकुंड पर कोई शेड भी आज तक नहीं डाली गई और न ही लोगों के बैठने की कोई व्यवस्था है। कोसली रोड स्थित धानक समाज का यह श्मशान घाट सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं से वंचित है।

इस श्मशान में अंतिम संस्कार के लिए अग्निकुंड का निर्माण भी इसी समाज के लोगों द्वारा निजी स्तर पर कराया गया है। कोसली रोड पर बने मल संशोधन संयंत्र के साथ सटे इस श्मशान की हालत यह है कि यहां अंतिम संस्कार के लिए श्मशान में पहुंचने के लिए भी उन्हें मल संशोधन संयंत्र के मेन गेट से होकर गुजरना पड़ता है। श्मशान के प्रवेश स्थल पर भी किसी प्रकार का कोई दरवाजा नहीं है। यदि मौके पर पहुंच कर देखा जाए तो इसकी पहचान सिर्फ उसमें बने अग्निकुंड के कारण होती है। सरकार की अनदेखी के चलते यह श्मशान हर समय झाड़-झंखड़ों से भरा रहता है। जब समाज में किसी की मृत्यु होती है तो मृतक के संबंधित परिजनों को पहले श्मशान में उगे झाड़-झंखड़ों की साफ-सफाई करनी पड़ती है। उसके बाद ही दिवंगत आत्मा को अंतिम संस्कार नसीब होता है। समाज के लोगों ने जिला प्रशासन व सरकार के नुमाइंदों से गुहार लगाई है कि वे उनके श्मशान की सुध लेकर उसमें मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं।


**झज्जर।** श्मशान घाट की साफ-सफाई करते युवक। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं ज्योति (Jyoti) पत्नी दीपक (Deepak) निवासी मकान नंबर-948/1, गली नंबर-14, विकास नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड नंबर-878475664371 समेत अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम ज्योति (Jyoti) है। जबकि मेट्रिक की मार्कशीट में मेरा नाम ज्योति रानी (Jyoti Rani) है। ज्योति (Jyoti) और ज्योति रानी (Jyoti Rani) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। मुझे भविष्य में मेरे सही नाम ज्योति (Jyoti) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप

### दीपक ने उत्तीर्ण की सीए फाउंडेशन परीक्षा

**झज्जर ।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बारहवीं कक्षा के छात्र दीपक कुमार ने सीए फाउंडेशन परीक्षा क्वालिफाई कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्कूल प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि दीपक कुमार ने अपने पहले प्रयास में ही बेहतरीन अंकों के साथ परीक्षा क्वालिफाई की। उसने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों व अभिभावकों को दिया। इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया ने होनहार छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल परिसर पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों ने दीपक के अभिभावकों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, डीपीई अमित लोहचब, संजीत सांगवान व भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितयों में युवक की मौत

**झज्जर ।** पानी के कैंपर सप्लाई करने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। मृतक की पहचान शहर के भट्टी निवासी करीब 19 वर्षीय अंकित पुत्र सुनील के तौर पर हुई है। अंकित करीब सप्ताह भर से एक व्यक्ति के पास पानी के कैंपर सप्लाई करने का कार्य करने लगा था। इसी के चलते जब वह निजी कंपनियों में पानी के कैंपर रख रहा था तो एक कंपनी के गेट से खाली कैंपर लेकर निकलते समय अचानक जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। बाद में उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी अभिषेक ने बताया कि मृतक के पिता सुनील के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई की गई है।

### अंबेडकर चौक, सीताराम गेट, माता गेट, अग्रसेन चौक सहित कई जगह पानी जमा

# बारिश ने खोली दावों की पोल, सचिवालय परिसर से शहर के हर कोने में जलभराव

### शहर के चौक चौराहों पर जलभराव के कारण स्कूल भी नहीं पहुंच पाए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार रविवार देर रात और सोमवार अलसुबह झमाझम बारिश हुई। जिसके कारण आमजन को उमस भरी गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन शहर में हुए जलभराव के कारण जन जीवन पूर्णतया प्रभावित रहा। सुबह के समय बारिश होने के कारण जहां नौकरी पेशा लोगों को अपने संस्थानों में पहुंचने में भारी परेशानी हुई, वहीं शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर एक से डेढ़ फीट तक पानी भरा होने के कारण विद्यार्थी स्कूल भी नहीं जा पाए। शहर के अंबेडकर चौक, सीताराम गेट, माता गेट, अग्रसेन चौक, सिलानी गेट, पुराना बर्फखाना रोड सहित तमाम सड़कों पर जलभराव हो गया। इसके अलावा प्रिया कॉलोनी, नीम आली कॉलोनी में हुए जलभराव के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। उधर, बरसात के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार झज्जर में 62 एमएम, बादली में 50 एमएम, बेरी में 60.5 एमएम, मातनहेल में 55 और साल्हावास में 64 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश ने एक बार फिर प्रशासन के पानी निकासी के पुख्ता इंतजामों की पोल खोल कर रख दी। स्थिति यह रही कि लघुसचिवालय परिसर में ही दिनभर जलभराव रहा। जिसके कारण यहां आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दिनभर अधिकारियों की गाड़ियां यहां से गुजरती रही, लेकिन किसी ने भी पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं करवाई। जिससे प्रशासन के दावों की पोल खुल रही है।





झज्जर। बरसात के कारण शहर के अग्रसेन चौक के नजदीक हुआ जलभराव। बरसात के कारण लघुसचिवालय परिसर में एंट्री गेट पर भरा पानी





**बहादुरगढ़।** बरसात के कई घंटे बाद रोहद में हाइवे पर जमा पानी। बरसात के कई घंटे बाद झज्जर रोड पर भरा पानी। फोटो : हरिभूमि

### बहादुरगढ़ : झमाझम बरसात से कई घंटे रहा सड़कों पर जलभराव

**बहादुरगढ़।** इलाके में रात को झमाझम बारिश हुई। रविवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक 61.20 एमएम बरसात दर्ज की गई। बरसात से सुबह के वक्त तो मौसम सुहाना हुआ लेकिन दोपहर को धूप और उमस ने परेशानी बढ़ा दी। वहीं बरसात के कई घंटों बाद तक भी शहर की सड़कों पर हुए जलभराव ने लोगों को खूब परेशान किया।रविवार रात 11 बजे मौसम बदल गया था। इसके बाद बरसात शुरू हुई। कभी तेज तो कभी हलकी बारिश हुई। सोमवार की सुबह साढ़े आठ बजे तक रुक रुक कर यह सिलसिला जारी रहा। जब लोग सुबह सोकर उठे तो बहुत सी कॉलोनियों की गलियां पानी से लबालब थी तो वहीं झज्जर रोड सहित अन्य मुख्य मार्गों का भी यही हाल था। बरसात बीतने के कई घंटे बाद तक भी रोहतक दिल्ली रोड, झज्जर रोड, सेक्टर 6 सहित अन्य जगहों पर पानी पूरी तरह से नहीं निकल पाया था। वही सब्जी मंडी के हालात भी बिगड़ गए।लोगों ने निकासी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। लोगों ने कहा कि बरसात में पानी कहीं भी भर सकता है लेकिन समय पर निकल तो जाना चाहिए। यहां निकासी व्यवस्था ठीक नहीं है। इसलिए बरसात के कई घंटे बाद तक पानी भरा रहता है। रोहद के निवासी महेश ने कहा कि सड़कों पर चलने के लिए सरकार वाहन चालकों से टैक्स वसूलती है लेकिन सड़कों की दशा पर ध्यान नहीं देती। यहां रोहद टोल प्लाजा के निकट नेशनल हाइवे पर पिछले कई साल से समस्या गहराई है। थोड़ी सी बरसात में यहां हाइवे पर पानी भर जाता है और घंटों तक नहीं निकल पाता। इस कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए तो सफर करना बेहद मुश्किल है।



झज्जर। मृतक अनिल के परिजनों से बातचीत करते पुलिसकर्मी।

# एनसीआर चैनल में मिला शव चार दिन से लापता था अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- अनिल गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में कार्यरत था
- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

क्षेत्र के बादली एनसीआर चैनल में एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान बेरी कस्बा निवासी करीब पैंतीस वर्षीय अनिल पुत्र सतबीर के तौर पर हुई है। परिजनों के अनुसार अनिल गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में कार्यरत था। वह बीती तीन जुलाई की रात अपनी गाड़ी लेकर घर से निकला था। उसके बाद जब घरवालों ने अनिल के फोन पर संपर्क करना चाहा तो वह नहीं मिला। तभी से अनिल की तलाश की जा रही थी। उसका शव रविवार की शाम बादली की एनसीआर नहर से बरामद हुआ। पुलिस ने राहगीरों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकलवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। मामले के जांच अधिकारी सतबीर ने बताया कि इस संबंध में मृतक के परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने चिकित्सकीय बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने की बात कही। स्थानीय अस्पताल में फोरेंसिक एक्सपर्ट अवकाश पर होने के कारण मृतक का पोस्टमार्टम न हो सका। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल रैफर किया गया।



मृतक अनिल

### ये बोले परिजन

अस्पताल में उपस्थित मृतक अनिल के परिजनों ने बताया कि अनिल तीन जुलाई की रात करीब दस बजे अपनी गाड़ी लेकर घर से निकला था। जब वे उसकी तलाश कर रहे थे पता चला कि वह रात बारह बजे तक गांव में देखा गया था। जिस गाड़ी में अनिल घर से निकला था उसका भी अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस द्वारा विभिन्न पहलूओं को देखते हुए मामले की जांच की जा रही है।

# संस्कारम स्कूल के तीन विद्यार्थी सीए फाउंडेशन परीक्षा में उत्तीर्ण







- स्कूल में खुशी की लहर
- स्कूल चेयरमैन ने दी बच्चों को बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम स्कूल खातीवास के तीन विद्यार्थियों ने सीए फाउंडेशन परीक्षा में सफलता हासिल की है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों में हर्ष, निशा व प्रिया शामिल हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने बताया कि वे अपनी परीक्षा के परिणाम से बेहद खुश हैं और उनका लक्ष्य कॉर्पोरेट क्षेत्र में बतौर सीए सेवा देना है।

### कड़ी मेहनत की

संस्कारम स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

उन्होंने बताया कि सीए फाउंडेशन परीक्षा सिर्फ नंबरों की कहानी नहीं है, बल्कि उन विद्यार्थियों की कहानी है, जिन्होंने मोबाइल से दूरी बनाई, दिन-रात पढ़ाई की और बार-बार रिवीजन करते हुए खुद को निखारा।

# विधायक ने सीवर लाइन की सफाई का किया निरीक्षण



**बहादुरगढ़।** अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण करते विधायक राजेश जून।

**बहादुरगढ़।** जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहर के शक्ति नगर में सीवर लाइन की सफाई का कार्य किया जा रहा है। विधायक राजेश जून ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ इस कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित विभाग से तालमेल कर नालों व सीवर लाइनों की सफाई सुनिश्चित करें। ताकि बरसात के मौसम में सीवरेज ओवरफ्लो व जलभराव की समस्या ना हो। जून ने अधिकारियों के साथ गांव नूना माजरा की वाल्मीकि कॉलोनी में पीने की पानी की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन का भी जायजा लिया। अधिकारियों को जल्द इसका समाधान करने के निर्देश दिए। विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल मोर ने कहा कि एक सप्ताह में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन रिप्लेस कर दी जाएगी।

# छोटूराम धर्मशाला के सदस्यों की सूची हो रही तैयार

**बहादुरगढ़।** दीनबंधु छोटूराम धर्मशाला के प्रशासक एवं एसडीएम नसीब कुमार ने बताया कि दीनबंधु छोटूराम धर्मशाला के आजीवन सदस्यों की सूची पर आपत्ति, सुझाव या संशोधन दर्ज कराने की तिथि बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 3 जुलाई निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 जुलाई शाम 5 बजे तक कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि धर्मशाला के कार्यालय के बाहर, मुख्य गेट पर सदस्य/मतदाता सूची सार्वजनिक करते हुए चस्पा कर दी गई है। सभी आजीवन सदस्य इसे देखकर त्रुटि पर आपत्ति या सुझाव आदि समय रहते दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

# व्यापारियों ने की रेलवे सुविधाएं बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन




झज्जर। रेलवे स्टेशन पर डीआरएम पुष्पेंद्र रमन त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर ।** रेल मंत्रालय दिल्ली के डीआरएम पुष्पेंद्र रमन त्रिपाठी सोमवार को स्पेशल निजी छोटी ट्रेन से झज्जर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे । शहर के व्यापारियों ने रेलवे अधिकारी का स्वागत किया तथा रेलवे सुविधाएं बढ़ाने के लिए उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि शहर में रिजर्वेशन टिकट सेंटर पुनः स्थापित किया जाए, बाबा खाटू श्याम जाने के लिए रोहतक-मदार एक्सप्रेस ट्रेन नियमित की जाए, स्वीकृत हुई रोहतक-रेवाड़ी डबल लाइन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए, फारुखनगर से झज्जर तक नई रेल लाइन का निर्माण शुरू किया जाए तथा यात्रियों की सुविधा के लिए दिन के समय कुछ अन्य नई ट्रेन भी चलाए जाएं।

व्यापारियों ने अंबाला कैंट से जोधपुर वाया रिंगस व शकूर बस्ती से रेवाड़ी वाया रोहतक-झज्जर ट्रेन भी पुनः चलाने की मांग डीआरएम से की। इस मौके पर राकेश अरोड़ा, मनोज गर्ग, रमेश सोनी, सुभाष चंद्र वर्मा, ताराचंद भूटानी, विजय गुप्ता, मोहन, राजेश सैनी, रामानंद दलाल, नीरज पोपली, गुलशन सतीजा, अजय विज, हैप्पी मेहरा, बलदेव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### एचएल सिटी में स्टेट लेवल की तैराकी प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रदेश के 1200 स्वीमर

# पहले दिन झज्जर और गुरुग्राम के तैराकों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। स्टेट लेवल स्विमिंग प्रतियोगिता के पहले दिन भाग लेते तैराक।

शहर की एचएल सिटी में स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्विमिंग पूल पर 42वीं सब जूनियर, 52वीं जूनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता सोमवार को शुरू हो गई। भारत-पाक युद्ध के वार वेटर्न और संग्राम मेडल विजेता पहलवान महेंद्र सिंह और हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।प्रतियोगिता के पहले दिन जूनियर और सब जूनियर के मुकाबले हुए। सोमवार झज्जर और गुरुग्राम के तैराकों का दबदबा रहा। लड़कों में झज्जर के तैराक जयवर्धन राव ने 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और सक्षम ने 800 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक जीता। झज्जर के रोहित लाठर ने 400 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड और वीर दलाल ने सिल्वर मेडल हासिल किया। रोहित लाठर ने 50 मीटर बैक्स्ट्रोक में गोल्ड, विहान ने सिल्वर और नितेश खत्री ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों की 800 मीटर फ्री स्टाइल में रोहतक की हर्षिता ने गोल्ड मेडल, 400 मीटर फ्री स्टाइल में गुरुग्राम की एलिशा सरोहा ने गोल्ड, ईवा गुप्ता ने सिल्वर और आशिमा सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।

गुरुग्राम की कियाशा नायर ने 50 मीटर बैक्स्ट्रोक में गोल्ड, फरीदाबाद की ग्रेटा ने सिल्वर और जींद की शिवानी ने कांस्य पदक जीता। वहीं 400 मीटर फ्री स्टाइल ग्रुप 3 में पलवल के देव ने कांस्य पदक, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक ग्रुप 1 में कृष जैन ने गोल्ड और पलवल के रक्षित गोयत ने सिल्वर मेडल जीता। आईजी पंकज नैन की धर्मपत्नी मेघा चौधरी इस दौरान विशिष्ट अथिति के तौर पर मौजूद रही। उन्होंने विजेता तैराकों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अनिल खत्री ने बताया कि राज्य तैराकी प्रतियोगिता 6 दिन तक लगातार चलेगी। प्रतियोगिता के विजेता तैराकी नियमों के तहत नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। हरियाणा के सभी जिलों से इस बार करीब 1200 तैराक प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। मंगलवार को केबिनेट मंत्री विपुल गोयल तैराकों को प्रोत्साहित करेंगे। प्रतियोगिता का समापन 12 जुलाई को होगा। इस अवसर पर रवि सिंगारी, सुरेश जून, कोच साई जाधव, प्रकाश, विनोद, अनिल शर्मा, पदमपाल, रामस्वरूप, विकास, एके पंडित, अनिल ढुल और चेतन आदि मौजूद रहे।

# एटीएम के एसी और वायरिंग में लगी आग



बहादुरगढ़। एटीएम में लगी आग बुझाता एक दमकल कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर रोड पर मोहन नगर में स्थित एक एटीएम बूथ में अचानक आग लग गई। आग से एसी व केबिन का काफी हिस्सा जल गया लेकिन मशीन बच गई। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे की है। दरअसल, यहां मोहन नगर में एक्सिस बैंक का एटीएम है। अचानक एटीएम में लगे एयर कंडिशनर व वायरिंग में आग लग गई और देखते ही देखते तेजी से फैलने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दमकल विभाग में सूचना दी। सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर आए और आग बुझानी शुरू की। मशीन जलने से बचा ली गई। बताते हैं कि कैश सुरक्षित है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। स्पार्किंग के चलते आग लगने की आशंका है। असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी।